प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में रांची में की बड़ी कार्रवाई, आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह समेत कई ठिकानों पर छापेमारी।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को गढ़वा से करेंगे चुनावी अभियान की शुरुआत।
3. विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर 62 नामांकन रद्द, चुनाव मैदान में बचे 743 प्रत्याशी, कल तक नाम वापस ले सकेंगे उम्मीदवार।
4. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त, आखिरी दिन बरहेट से भाजपा प्रत्याशी गमालियल हेम्ब्रम, पाकुड़ से कांग्रेस की निशांत आलम और धनवार से झामुमो के निजामुद्दीन अंसारी समेत एनडीए और इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशियों ने किये नामांकन।
5. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पलामू से टीएसपीसी के तीन कुख्यात उग्रवादी हथियारों के साथ गिरफ्तार।

***************

प्रवर्तन निदेशालय–इडी छतीसगढ़ शराब घोटाला मामले में रांची में आईएएस अधिकारी विनय चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह समेत शराब कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पहले ही इस मामले दोनों अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को गढ़वा में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस सिलसिले में राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, उत्तर प्रदेश के मंत्री उमाशंकर और पलामू के सांसद वीडी राम ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से स्थानीय कार्यकर्ताओं को नयी ऊर्जा मिलेगी।

***************

राज्य में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद 62 नामांकन पत्र खारिज कर दिये गये हैं। अब सात सौ 43 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण के लिए आठ सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। उम्मीदवार कल तक अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। पहले चरण के चुनाव में तैंतालीस सीटों के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा।

***************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हो गई। इस चरण में 38 सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी और उम्मीदवार 1 नवंबर तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

***************

नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन आज एनडीए और इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी के पर्चे दाखिल किये। बरहेट से भाजपा प्रत्याशी गमालियल हेम्ब्रम, लिट्टीपाड़ा से बाबूधन मुर्मू , महेशपुर से नवनीत हेम्ब्रम और टुंडी से विकास महतो ने नामांकन का पर्चा

दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डा. रवीन्द्र राय ने जामताड़ा से पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन पर कांग्रेस नेता इरफान अंसारी द्वारा अभद्र टिप्पणी करने पर एतराज जताया।
इधर, भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर इरफान अंसारी की अभद्र टिप्पणी पर पार्टी की प्रवक्ता राफिया नाज ने हमला बोला है।

***************

उधर, रामगढ़ सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड की उपेक्षा का आरोप लगाया। पाकुड़ से पार्टी प्रत्याशी निशात आलम ने भी चुनावी पर्चा दाखिल किया। उनके नामांकन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद सुखदेव भगत ने आरोप लगाया कि भाजपा जनहित के मुद्दों से भटक गयी है।

इधर, धनवार विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी निजामुद्दीन अंसारी और बगोदर से जेएलकेएम प्रत्याशी मो सलीम ने भी नामांकन दाखिल किया। उनके अलावा कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी उम्मीदवारी के पर्चे दाखिल किये।

***************

इस बीच, आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने आज पाकुड़ में पार्टी प्रत्याशी अजहर इस्लाम के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की बेहतरी के लिए एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की अपील लोगों से की।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के सीनियर आब्जर्वर सह सांसद तारिक अनवर ने कहा है कि राज्य में कांग्रेस और महागठबंधन के उम्मीदवारों की जीत के लिए पार्टी प्रयासरत है। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में पुनः सरकार बनाना हमारी प्राथमिकता है।

***************

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि झारखंड में फिर गठबंधन की सरकार बन रही है। देवघर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य का चुनावी माहौल इंडिया गठबंधन के पक्ष में है।

***************

इस बीच भाकपा माले ने स्पष्ट कर दिया है कि वह राज्य की बगोदर, निरसा, सिंदरी और धनवार सीट पर चुनाव लड़ेगी। रांची में आज एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी की राज्य कमिटी सदस्य शुभेन्दु सेन ने कहा कि धनवार सीट पर भाजपा को माले ही पराजित कर सकती है।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में लगभग 12 हजार 850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का भी शुभारंभ किया।

***************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

***************

आज राज्य भर में धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। इसी के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव की भी शुरुआत हो गयी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन भगवान धन्वंतरी और भगवान कुबेर जी की पूजा–अराधना की जाती है। धनतेरस की खरीददारी को लेकर रांची के बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी है। धनतेरस के दिन सोना–चांदी, बर्तन, वाहन आदि खरीदना शुभ माना गया है।

*******समाप्त*******